पत्र सूचना शाखा
सूचना एवं जनसंपर्क विभाग उत्तर प्रदेश

जून माह में उत्तर प्रदेश के प्रमुख कर एवं करेत्तर राजस्व में 1,568 करोड़ रूपये की उल्लेखनीय वृद्धि

वित्तीय वर्ष 2026–27 के प्रथम तिमाही में कर राजस्व के लक्ष्य का 73.4 प्रतिशत हासिल

–सुरेश कुमार खन्ना

लखनऊ : 03 जुलाई, 2026

उत्तर प्रदेश के वित्त एवं संसदीय कार्य मंत्री श्री सुरेश कुमार खन्ना ने कहा कि प्रदेश की सुदृढ़ वित्तीय व्यवस्था, पारदर्शी कर प्रशासन तथा प्रभावी राजस्व प्रबंधन के परिणामस्वरूप राज्य के प्रमुख कर एवं करेत्तर राजस्व मदों में लगातार सकारात्मक वृद्धि दर्ज की जा रही है। उन्होंने बताया कि वित्तीय वर्ष 2026–27 की प्रथम तिमाही (अप्रैल–जून) में प्रमुख कर राजस्व वाली मदों के अंतर्गत 60,825.60 करोड़ रूपये की प्राप्ति हुई है, जो निर्धारित लक्ष्य का 73.4 प्रतिशत है। राज्य कर मद में 50,499.71 करोड़ रूपये के लक्ष्य के सापेक्ष 31,928.64 करोड़ रूपये की प्राप्ति दर्ज की गई है। आबकारी मद में 16,500 करोड़ रूपये के लक्ष्य के सापेक्ष 15,812.21 करोड़ रूपये का राजस्व अर्जित कर 95.8 प्रतिशत लक्ष्य प्राप्त किया गया है, जबकि परिवहन विभाग ने 3,635.84 करोड़ रूपये के लक्ष्य के सापेक्ष 3,667.98 करोड़ रूपये का राजस्व अर्जित कर 100.9 प्रतिशत लक्ष्य हासिल किया है। उन्होंने कहा कि प्रथम तिमाही के ये परिणाम प्रदेश की मजबूत आर्थिक गतिविधियों, बेहतर कर अनुपालन तथा प्रभावी वित्तीय प्रबंधन को दर्शाते हैं।

श्री खन्ना ने बताया कि वित्तीय वर्ष 2026–27 के जून माह में प्रदेश के प्रमुख कर एवं करेत्तर राजस्व मदों से 19,551 करोड़ रूपये की प्राप्ति हुई, जबकि गत वर्ष जून, 2025 में यह प्राप्ति 17,983 करोड़ रूपये थी। इस प्रकार प्रदेश ने गत वर्ष के जून माह की तुलना में वर्तमान वित्तीय वर्ष के जून में 1,568 करोड़ रूपये की अतिरिक्त राजस्व वृद्धि दर्ज की है।

उन्होंने बताया कि जीएसटी के अंतर्गत जून, 2026 में 7,279 करोड़ रूपये का राजस्व प्राप्त हुआ, जो जून, 2025 के 6,646 करोड़ रूपये के सापेक्ष 633 करोड़ रूपये अधिक है। इसी प्रकार वैट से जून, 2026 में 3,197 करोड़ रूपये की प्राप्ति हुई, जो पिछले वर्ष की समान अवधि की तुलना में 146 करोड़ रूपये अधिक है।

उन्होंने कहा कि यह वृद्धि प्रदेश में व्यापारिक गतिविधियों के विस्तार तथा कर अनुपालन में सुधार का परिणाम है।

उन्होंने बताया कि आबकारी विभाग ने जून, 2026 में 5,174 करोड़ रूपये का राजस्व अर्जित किया, जो पिछले वर्ष जून, 2025 की तुलना में 716 करोड़ रूपये अधिक है। वहीं परिवहन विभाग से 1,123 करोड़ रूपये का राजस्व प्राप्त हुआ, जो गत वर्ष की तुलना में 293 करोड़ रूपये की वृद्धि दर्शाता है। इसके अतिरिक्त भू–तत्व एवं खनिकर्म विभाग के अंतर्गत 428 करोड़ रूपये की प्राप्ति हुई, जो पिछले वर्ष की इसी अवधि में प्राप्त राजस्व से 96 करोड़ रूपये अधिक है। स्टाम्प एवं निबंधन मद में जून, 2026 के दौरान 2,350 करोड़ रूपये का राजस्व प्राप्त हुआ, जो गत वर्ष की तुलना में 316 करोड़ रूपये कम है।

श्री सुरेश कुमार खन्ना ने विश्वास व्यक्त किया कि माननीय मुख्यमंत्री श्री योगी आदित्यनाथ जी के नेतृत्व में उत्तर प्रदेश की अर्थव्यवस्था निरंतर नई ऊँचाइयों को प्राप्त कर रही है। उन्होंने कहा कि वित्त विभाग राजस्व संग्रह की गति बनाए रखने, कर प्रशासन को और अधिक पारदर्शी एवं तकनीक आधारित बनाने तथा प्रदेश को एक मजबूत आर्थिक शक्ति के रूप में स्थापित करने के लिए पूरी प्रतिबद्धता के साथ कार्य कर रहा है।

सम्पर्क सूत्र– जयेन्द्र सिंह

राघवेन्द्र / 06:30 PM